भारत सरकार
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. **1754** जिसका उत्तर
शुक्रवार, **16 दिसम्बर**, 2022/25 अग्रहायण, 1944 (शक) को दिया जाना है

बंदरगाहों के माध्यम से कार्गो परिवहन

†1754. श्री जी. एम. सिद्देश्वर :

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में परिचालनरत बंदरगाहों की कुल संख्या कितनी है और गत तीन वर्षों के दौरान इन बंदरगाहों में निर्यात-आयात के कार्गो परिवहन की वार्षिक क्षमता कितनी है;

(ख) 2014 के बाद से निर्मित नए बंदरगाहों और उन्नयन किये गए पुराने बंदरगाहों की संख्या कितनी है और इस उद्देश्य के लिए कितना वित्तीय व्यय किया गया है; और

(ग) उक्त अवधि के दौरान उन्नयन के कारण देश के बंदरगाहों में आयात-निर्यात की कार्गो परिवहन क्षमता में कितनी वृद्धि दर्ज की गई है और उससे केंद्र सरकार को कितनी आय अर्जित हुई है?

उत्तर
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री
(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क): देश में 12 महापत्तन हैं, जो पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय द्वारा अधिशासित हैं। 12 महापत्तनों के अतिरिक्त देश में 78 गैर-महापत्तन प्रचालनरत हैं, जो संबंधित राज्य मैरीटाइम बोर्डों/ राज्य सरकारों के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत हैं। पिछले तीन वर्षों के दौरान महापत्तनों और गैर-महापत्तनों के निर्यात-आयात के कार्गो परिवहन की कुल वार्षिक क्षमता निम्नानुसार है:

(एमटीपीए में)

	2019-20	2020-21	2021-22
महापत्तन	1534.91	1560.61	1597.59
गैर-महापत्तन	991.67	1002.24	1007.40

(ख) और (ग): वर्ष 2014 के बाद किसी नए महापत्तन का निर्माण नहीं किया गया है। तथापि, विस्तार और आधुनिकीकरण सहित महापत्तनों का उन्नयन करना एक सतत प्रक्रिया है ताकि पत्तनों को नई प्रौद्योगिकी के अनुरूप विकसित किया जा सके तथा साथ ही व्यापार और कार्गो को प्रोत्साहन दिया जा सके। इस कार्य को पत्तनों द्वारा अपनाई जा रही विभिन्न अवसंरचना संबंधी परियोजनाओं के माध्यम से किया जाता है। वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान महापत्तनों की कुल प्रचालन आय 16006.74 करोड़ रु. थी और कुल आय 17425.82 करोड़ रु. थी।

****